**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# नियमों को ताक पर रखकर कंपनी कर रही है हिमालयी क्षेत्रों को खोखला

**अवैध खनन**

## निजी कंपनी सड़क बनाने के नाम पर अवैध खनन का खेल रही खेल



**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ। उच्च हिमालयी दारमा घाटी अति संवेदनशील है। बीते साल 2013 में इन हमिलयी क्षेत्रों में अवैध खनन करने के नाम पर इलाके के नदी नालों ने रौर्द रूप दिखाते हुए धौली गंगा के किनारे बसी तमाम बस्तियों को तबाह कर दिया था। वही इस इलाके को तब से हिमालयी सुनामी का नाम दे दिया गया। यहां पर माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के मुताबिक अवैध खनन करने के मामले सामने आने पर बीते साल 2013 से लेकर आज तलक रोक लगे होने के बावजूद भी इलाके में खनन माफियाओं को हौंसले मजबूती से आगे बढ़ाते हुए खनन कार्य करते हुए देखे जा सकता है। बता दें कि हाईकोर्ट से खनन कार्य इन क्षेत्रों में न कराये जाने पर रोक लगने के बावजूद नोएडा की एक निजी कंपनी यहां पर सड़क बनाने के नाम पर अवैध खनन का खेल खेल रही है। दूसरी ओर इस निजी कंपनी के मनमानी के आगे अब तक क्षेत्रीय प्रशासन कोई सख्त रवैया भी नही अपना सका है। ऐसे हालातों में उच्च हिमालयी क्षेत्रों के खोखले पड़ने के ज्यादा आसार बन चुके है। विगत दो सालों के भीतर नोएडा की निजी कंपनी के हौसलें यहां बुलंदी के साथ अवैध खनन कर हिमालयी क्षेत्रों को खोखला कर अपने लिए चांदी वसूलने का काम कर रही है। अति संवेदनशील मानी जानी वाली उच्च हिमालयी घाटी क्षेत्रों में अवैध खनन के नाम पर सड़कों को काटा जा रहा है और घाटियों में रहने वाले लोगों के जन जीवन पर खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। अब तक क्षेत्रीय प्रशासन की नीद तक टूट नही पाई है। वही निजी कंपनी की चांदी हो रही है। यह खनन कही अब जानलेवा न साबित हो जाए।

## न्यूज डायरी

### नारा लेखन में परीक्षित व चित्रकला में जिया प्रथम

**संवाददाता** रुड़की। केंद्रीय विद्यालय नंबर एक में राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह समारोह के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की। इनमें छात्र–छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। नारा लेखन में परीक्षित शर्मा और चित्रकला में जिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शुक्रवार को ऑनलाइन समापन कार्यक्रम में प्राचार्य वीके त्यागी ने कहा कि आज के इस युग में जहां जीवन–मूल्यों का ह्रास हो रहा है, चारों ओर नैतिक व सांस्कृतिक संकट के बादल छाए हैं ऐसे में अच्छी पुस्तकों और पुस्तकालयों का महत्व और भी बढ़ जाता है। अच्छी पुस्तकों के माध्यम से श्रेष्ठ व्यक्तियों और उनके विचारों को जाना–समझा जा सकता है।

### रूसा नोडल डॉ. उनियाल ने एमबी व महिला कॉलेज का किया औचक निरीक्षण

**संवाददाता** हल्द्वानी। राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान) के नोडल अधिकारी डा. एएस उनियाल ने गुरुवार देर रात एमबीपीजी कालेज और महिला डिग्री कालेज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रूसा परियोजना के तहत दोनों कालेजों में चल रहे नव निर्माण व पुनर्निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन किया। रूसा के नोडल अधिकारी डा. एएस उनियाल गुरुवार देर रात को सबसे पहले एमबीपीजी कालेज पहुंचे। जहां उन्होंने निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। जिसमें गर्ल्स कामन रूम, डेटर रूम बनना है। उन्होंने कार्यदायी संस्था को तय अवधि में कार्य पूरा करने को कहा। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य डा. बीआर पंत, डा. गोविंद पाठक, नवीन शर्मा, नवल लोहनी, ज्योति टम्टा, कविता बिष्ट, टीसी पांडे आदि मौजूद रहे।

### आरबी के हार्पिक ने की 'स्वच्छता और पानी' की शुरुआत

**संवाददाता** देहरादून। स्वच्छता, कल्याण और पोषण को विशेषाधिकार नहीं बल्कि मूलभूत अधिकार बनाने की आरबी की लड़ाई के एक हिस्से के रूप में, आरबी के हार्पिक का मिशन पानी अभियान भारत में जल संकट और स्वच्छता के मुद्दे पर केंद्रित होकर काम कर रहा है। आज, विश्व शौचालय दिवस पर, श्री लक्ष्मण नरसिम्हन, ग्लोबल सीईओ, रेकिट बेंकाइजर ग्रुप और ग्रेमी अवार्ड विजेता ए.आर. रहमान ने 'जल प्रतिज्ञा दिवस' पर आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में 'पानी गीत' को लॉन्च किया। आरबी अपने टिकाऊ लक्ष्यों के अंतर्गत जल संरक्षण और बेहतर सफाई एवं स्वच्छता की दिशा में जागरूकता बढ़ाने व काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। मौजूदा महामारी के दौरान, बीमारी और संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए उचित स्वच्छता और पानी की उपलब्धता बहुत महत्वपूर्ण है।

## पलायन, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार को लेकर आप ने प्रदेश सरकार पर साधा निशाना




**संवाददाता** हल्द्वानी। राज्य में बढ़ते पलायन, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार पर आम आदमी पार्टी ने चिंता जतायी है। पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं की बैठक में शिक्षा पर भी चर्चा कर बदलाव की जरूरत महसूस की गयी। आम आदमी पार्टी राज्य में अपना जनाधार बढ़ाने के साथ ही आम आदमी से जुड़े मुद्दों को उठाने लगी है। शुक्रवार को आम आदमी की बैठक में प्रदेश प्रवक्ता व जिला समन्वयक समित टिक्कू ने कहा कि राज्य में पलायन एक गंभीर समस्या बन चुकी है। गांव खाली होने लगे हैं। लोग रोजगार की आस में शहरों की ओर रुख कर रहे हैं। वहीं सरकार की स्वरोजगार व पर्यटन कारोबार से जुडने की योजनाएं कागजों तक सिमटकर रह गयी हैं।

## जिलाधिकारी ने की 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान की समीक्षा



**संवाददाता** पिथौरागढ़। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए जिले में बालिका लिंगानुपात बढ़ाने के लिए वृहद स्तर पर आगे अभियान चलाने के निर्देश दिए है। बता दें कि जिले में इस साल बालिका लिंगानुपात में खासा सुधार हुआ है। अक्टूबर माह तक प्रति हजार में जिले में बालिका लिंगानुपात नौ सौ अठ्ावन है। बुधवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला अधिकारी वी के जोगदडे की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में जिले में बालिका लिंगानुपात को लेकर व्यापक चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने प्रत्येक मुहल्ले वार्ड व घरों में जाकर बेटी के महत्व को बताने व जिले में खेल ,शिक्षा ,स्वरोजगार , राजनीति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली बेटियों के बारे में विभिन्न माध्यमों से आम आदमी को रूबरू कराने के संकेत दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं की सफलता की पूरी जानकारी लोगों के बीच सशक्त माध्यम से रखी जाए। जिससे लोग बेटी के महत्व को समझ सके। अब जिले में बेटियों की सफलताओं की कहानी को विडियों के माध्यम से घर घर गांव गांव के कोने तक पहॅुचाने के प्रयास तेजी से करने के उन्होनें निर्देश भी दिये। जिले के अलट्रासाउंड केन्द्रों का भी उन्होने परीक्षण करने के निर्देश दिये। बैठक में सीएमओ डांक्टर हरीश चंद्र पंत सीइओ अशोक कुमार जुकरिया, बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित तमाम विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने क्वारंटाइन के नियमों का पूर्ण तरीके से पालन करने के दिये निर्देश

**संवाददाता**

पिथौरागढ। कोविड 19 संक्रमण की रोकथाम हेतु जिले में लगातार सैपलिंग जारी है। जिले में वर्तमान में अब तक कुल 48142 व्यक्तियों की कोरोना सैपलिंग की गई है। जिसमें से कुल 1784 व्यक्ति कोरोना पाजिटिव पाये गये है। जिले में बीते 19 नवंबर तक 139 एक्टिव केस पाये गये है। वही अब तक 1628 पाजिटिव व्यक्तियों के स्वस्थ हो जाने के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है।

बता दें कि जिले में कोरोना संक्रमण की की रोकथाम हेतु जिले में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों का प्रवेश स्थानों में मेडिकल परीक्षण व थर्मल स्क्रीनिंग करने के साथ ही उन्हें नियमानुसार



कोरंटीन किया जा रहा है। वही तत्काल इन लोगों की जांच के बाद रैडम सैपलिंग भी की जा रही है। वही जिले में अब तक सत्रह लोगों की कोरोना के चलते मौत हो चुकी है।

बीते 19 नवमबर तक कुल जिले में 500 लोग होम क्वारंटाइन में है। 65342 व्यक्तियों द्वारा अब तक 14 दिन तक का होम क्वारंटाइन

### 1784 व्यक्ति कोरोना पाजिटिव पाये गये

पूरा कर लिया गया है। वही जिले में अब तक बाहर से करीबन 65965 व्यक्ति जिले में आये हुए है। जिले मे कोविड 19 के लिए 783 बेड के सापेक्ष 29 बेड अधिकृत किये गये है। वही दूसरी ओर जिले कोविड़ अस्पताल में 11 कोरोना पाजिटिव रखे गये है।

वही 59 पाजिटिव व्यक्ति होम क्वारंटाइन में है तो 40 व्यकति अन्य स्थानों में बनाये गये आइसोलेसन में रखे गये गये है। वही जिलाधिकारी डांक्टर विजय कुमार जोगदडे ने क्वारंटाइन हुए सभी व्यथ्कतयों से क्वारंटाइन के नियमों का पूर्ण तरीके से पालन करने के निर्देश दिये है।

## फर्जी दस्तावेजों से वाहन का रजिस्ट्रेशन, प्रशासनिक अधिकारी समेत चार पर मुकदमा

**संवाददाता** रुड़की(हरिद्वार)। हरिद्वार जिले के रुड़की में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वाहन का रजिस्ट्रेशन करने का मामला सामने आया है। इसे लेकर सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने एआरटीओ कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आपको बता दें कि इनमें से तीन आरोपित दिल्ली की एक कंपनी के डायरेक्टर हैं।

पुलिस के मुताबिक दिल्ली की एक फर्म के नाम से वॉल्वो बस का रजिस्ट्रेशन किया गया था, जिसमें रोहलकी किशनपुर निवासी बलराम के फर्जी कागजात लगाए गए थे। तीन साल पहले दिल्ली में बस का चालान हुआ था। डाक से यह चालान बलराम के घर पर पहुंचा, जिसके बाद उसे इसकी जानकारी हुई। इंस्पेक्टर राजेश साह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।